प्रादेशिक समाचार बुलेटिन,
आकाशवाणी, लखनऊ।

प्रसारण तिथि : 08.03.2025 प्रसारण समय : 19:20 बजे

मुख्य समाचार :–

1. मुख्यमंत्रो योगी आदित्यनाथ ने आज गौतमबुद्धनगर में एक हजार 467 करोड़ रुपए की 97 विकास परियोजनाओं का किया लोकार्पण और शिलान्यास : कहा– प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन के चलते खुल रहे आजीविका के नए स्रोत।
2. अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर प्रदेश भर में आयोजित हुए कार्यक्रम : महिला कल्याण मंत्री बेबी रानी मौर्य ने लखनऊ में महिलाओं को किया सम्मानित।
3. अयोध्या में 15 अप्रैल तक पूरा हा जाएगा श्री राम मंदिर का निर्माण : रामनवमी के लिए ट्रस्ट ने किए विशेष प्रबंध, सूर्य की किरणें करेंगी श्री रामलला का अभिषेक। और
4. मथुरा सहित पूरे ब्रज क्षेत्र में 40 दिवसीय रंगोत्सव को लेकर पर्यटन विभाग ने की व्यापक तैयारी : बरसाना में आज खेली गई लठ्ठमार होली।

———————

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ आज एक दिवसीय दौर पर गौतमबुद्धनगर पहुंचे। इस दौरान मुख्यमंत्री ने दादरी में महाराणा प्रताप की भव्य प्रतिमा का अनावरण किया और एक हजार 467 करोड़ की 97 विकास परियोजनाओं का लोकार्पण और शिलान्यास किया। साथ ही प्रदेश की

औद्योगिक नीतियों के अंतर्गत 14 इकाइयों को 617 करोड़ रूपये की प्रोत्साहन राशि का वितरण किया। इस अवसर पर जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विजन की सराहना की और कहा कि आस्था और आजीविका के नए स्रोत खुल रहे हैं। श्री योगी ने गौतमबुद्ध नगर के लिए कई घोषणाएं कीं, जिनमें राजकीय डिग्री कॉलेज, 100 बेड का चिकित्सालय, आईटीआई और स्टेडियम शामिल हैं।

इससे पूर्व मुख्यमंत्री ने एक डेटा सेंटर के उद्घाटन और सेक्टर–145 में माइक्रोसॉफ्ट इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के शिलान्यास व एमएक्यू सॉफ्टवेयर के एआई इंजीनियरिंग सेंटर का उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि यह न केवल नोएडा बल्कि समस्त उत्तर भारत के लिए आईटी सेक्टर के नए युग की शुरुआत है। बाइट.....

*यह न केवल नोएडा के लिये बल्कि उत्तर भारत के लिये आईटी सेक्टर में एक नये युग की शुरूआत है और माइक्रोसॉफ्ट ने यह साबित किया है कि आज के दिन उत्तर प्रदेश इंनवेस्टमेंट का सबसे बेहतरीन डेस्टीनेशन बन करे उभरा है। इस केन्द्र की स्थापना हो जाने पर हैदराबाद के बाद अब उत्तर प्रदेश इंडिया डेवलपमेंट सेंटर के नवीन परिसर का एक नया घर होगा। आईडीसी नोएडा एआई और क्लॉट कम्प्यूट्री के माध्यम से भारत के टेक्निकल इकोसिस्टम को न केवल सुदृढ़ता प्रदान करेगा, बल्कि प्रधानमंत्री मोदी जी के विजन को प्रभावी ढंग से जमीनी धरातल पर उतारने के कार्यक्रम को भी आगे बढ़ायेगा।*

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक स्वास्थ्य केंद्र का लोकार्पण करते हुए पिछले एक दशक में स्वास्थ्य के क्षेत्र में हुई प्रगति का जिक्र किया। बाइट.....

*उत्तर प्रदेश ने प्रधानमंत्री मोदी जी के मार्गदर्शन और नेतृत्व में पिछले आठ वर्ष में स्वास्थ्य के क्षेत्र में अनेक कदम बढ़ाये है। आजादी के पहले से ले करके 2017 तक उत्तर प्रदेश में गर्वमेंटने केवल 12 मेडिकलकॉलेज बनाये थे। जनपद है 75 लेकिन मेडिकल कॉलेज थे 12 और मुझे बताते हुएप्रसन्नता है कि गर्वमेंट के स्तर पर40 मेडिकल कॉलेज हम लोगों ने पिछले 8 वर्ष में उत्तर प्रदेश के अंदर बनाये है। निजी क्षेत्र में 37 ऐसे मेडिकल कॉलेज बन करके आज चालू हो चुके है और तीन मेडिकल कॉलेज ऐसे बने है जो पीपीपी मोड पर।*

—————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य मंत्री जगत प्रकाश नड्डा ने घोषणा की है कि सरकार अगले पांच वर्ष में चिकित्सा शिक्षा में 75 हजार नई सीटें बढ़ाने पर विचार कर रही है। श्री नड्डा आज नई दिल्ली के भारत मण्डपम में अंतर्राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रौद्योगिकी मूल्यांकन संगोष्ठी के उद्‌घाटन सत्र को संबोधित कर रहे थे। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि वर्ष 2014 के बाद से देश में मेडिकल कॉलेजों की संख्या में एक सौ एक प्रतिशत की वृद्धि हुई है।

—————————

प्रदेश के जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह, जल शक्ति राज्य मंत्री दिनेश खटीक और उर्जा राज्य मंत्री डॉक्टर सोमेंद्र तोमर ने आज मेरठ में 21 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का लोकार्पण किया। जल शक्ति मंत्री ने बताया

कि सरकार सभी परियोजनाएं समय से पूर्ण करा रही है जिसके चलते पिछले साल आई बाढ़ से कोई जन हानि नहीं हुई। बाइट.....

*इन सभी परियोजनाओं पे 49 ग्राम की लगभग 82 हजार दो सौ 36 आबादी एवं एक हजार सात सौ 32 स्क्वायर 15 हेक्टेयर कृषि भूमि को लगभग लाभ एवं सुरक्षा प्रदान होगा। पिछले उत्तर प्रदेश में बाढ़ की परियोजनाओं के कारण और सिंचाई की परियोजनाओं के कारण हमारे सभी परियोजनाओं समय से पूर्ण होने के कारण न्येनतम हानि होता है, लेकिन जनहानि कोई नहीं।*

—————————

प्रदेश भर में आज अन्तर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस मौके पर कई कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। राजधानी लखनऊ में महिला एवं बाल विकास विभाग, के तत्वाधान में एक कार्यक्रम का आयोजन हुआ। प्रदेश की महिला कल्याण मंत्री बबी रानी मौर्य ने कार्यक्रम को संबोधित किया। इस अवसर पर उन्होंने विभाग की सेविकाओं को सम्मानित किया। हापुड़ में स्वच्छता औऱ स्वयं सहायता समूह में सराहनीय योगदान देने वाली महिलाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। पीलीभीत जिले में महिला किसानों को प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के बारे में जानकारी दी गई और टूल किट का वितरण किया गया।

—————————

अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन, मुख्यालय लखनऊ द्वारा मिशन शक्ति फेज–5 के तहत आज से तीन दिवसीय वीमेंस फेस्ट का आयोजन किया जा रहा है। पेश है एक रिपोर्ट.........

*महिला एवं बाल सुरक्षा संगठन की अपर पुलिस महानिदेशक पद्‌मजा चौहान ने बताया कि यह महोत्सव न केवल महिलाओं को मनोरंजन का मंच प्रदान करेगा, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर बनने और उद्यमिता की ओर बढ़ने के लिए भी प्रेरित करेगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य महिलाओं को उनके अधिकारों, सुरक्षा और आर्थिक स्वतंत्रता के प्रति जागरूक करना है। कार्यक्रम के दौरान 1090 महिला हेल्पलाइन की भूमिका पर एक विशेष सत्र आयोजित किया जाएगा। महिला उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए विभिन्न स्टॉल्स लगाए जाएंगे, जिनमें स्व–रोजगार से जुड़ी जानकारी उपलब्ध कराई जाएगी। वीमेंस फेस्ट का आकर्षण सिर्फ जागरूकता और सशक्तिकरण तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि यह संस्कृति और कला का संगम भी होगा। इसके तहत कई सांस्कृतिक और संगीत कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। आकाशवाणी समाचार कक्ष से जूही श्रीवास्तव।*

——————

## ब्रेक

यह समाचार आप आकाशवाणी लखनऊ से सुन रहे हैं।

ताज़ा समाचार जानने के लिये आप हमारी वेबसाइट न्यूज़ ऑन ए0आई0आर0 डॉट जी0ओ0वी0 डॉट आई0एन0 पर लॉगिन कर सकते हैं। इसके साथ ही आप प्रादेशिक समाचारों का यह बुलेटिन हमारे यूट्यूब चैनल न्यूज ऑन एआईआर लखनऊ पर भी सुन सकते हैं।

——————

श्रीराम मंदिर निर्माण समिति के चेयरमैन नृपेंद्र मिश्र ने बताया है कि 15 अप्रैल तक राम मंदिर का निर्माण पूरा हो जाएगा। श्री मिश्र राम मंदिर निर्माण समिति की बैठक में शामिल होने के लिए अयोध्या पहुंचे हैं। उन्होंने बताया कि इस बार फिर रामनवमी के दिन ठीक 12 बजे रामलला की मस्तक पर सूर्य की किरणें अभिषेक करेंगी। इसके लिए तैयारो शुरू हो चुकी है। बाइट......

*भगवान के माथे पर रामनवमी के दिन सूर्य किरणें पहुंचेंगी उसके लिये कार्य शुरू हो गया है और पूरी तरीके से हमें आशा है कि इस वर्ष भी शिखर पर सूर्य की किरणें पहुचेंगी। अब आने वाली होली पर फिर प्रकृतिक पर असर पड़ेगा। आज हम आशा करते है कि गोस्वामी तुलसीदास जी की मूर्ति हमारे परिसर में आ जायेगी और उसकी कल तक स्थापना की उम्मीद है।*

————————

मथुरा सहित समूचे ब्रज क्षेत्र में 40 दिवसीय रंगोत्सव की शुरुआत हो चुकी है। रंगोत्सव के मद्देनजर पर्यटन विभाग ने श्रद्धालुओं को सुविधा मुहैया कराने के लिए व्यापक तैयारी की है। पर्यटन और संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने आज बताया कि बरसाना में राधारानो मंदिर तक पहाड़ी पर पहुंचने के लिए तीर्थ यात्रियों के लिए रोप वे सेवा शुरू हुई है, इसके अलावा शीघ्र ही यमुना नदी में वृदावन से गोकुल तक क्रूज चलाने की तैयारी की जा रही है।'

पर्यटन मंत्री ने बताया कि सेफ सिटी पहल के तहत 22 हजार कैमरे लगाए गए हैं।

—————————

कल शुरु हुए रंगोत्सव के क्रम में आज बरसाना में लठ्ठमार होली खेली गई। इस पारम्परिक आयोजन को देखने के लिए देश–विदेश से बड़ी संख्या में लोग यहां पहुंचे हैं। पेश है एक रिपोर्ट.....

*मथुरा धर्म की नगरी बरसाना में विश्व प्रसिद्ध लट्ठमार होली बड़े ही उत्साह और उमंग के साथ खेली गई। हेलिकॉप्टर से रंगीली गली के ऊपर पुष्प वर्षा कर स्वागत किया। यहाँ राधारानी रुपी गोपियों ने नंदगाँव के हुरियारों पर जमकर लाठियां बरसाई.और हंसी ठिठोली अबीर गुलाल से होली खेली। होली का आनंद लेने के लिए देश–विदेश से कोने–कोने से आये लाखो  श्रद्वालुओं ने जमकर होली आनंद लिया और होली के रंगो में सराबोर हो गये। मान्यता है कि बरसाने की महिलाओं की लाठी जिसके सिर पर छू जाए, वो सौभाग्यशाली माना जाता है। होली पर परंपरा, आस्था और भक्ति के रंग में पूरा ब्रज डूबा हुआ है। बरसाना में सदियों पुरानी लीला एक बार फिर जीवंत हो उठी। यहाँ पुलिस के सुरक्षा व्यवस्था के कड़े बंदोबस्त किये गए। मुहम्मद उमर कुरैशी, आकाशवाणी समाचार मथुरा।*

—————————

महिला प्रीमियर लीग में आज यूपी वारियर्ज का मुकाबला लखनऊ के अटल बिहारी वाजपेयी इकाना स्टेडियम में रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु से हो रहा है। रॉयल चलेंजर्स बेंगलुरु ने टॉस जीत कर पहले फील्डिंग करने का फैसला किया है। यूपी वारियर्ज की टीम लड़कियों की

शिक्षा के प्रति अपना समर्थन दिखाने के लिए अपनी पीली और बैंगनी जर्सी की जगह रानी पिंक जर्सी पहन रही है।

(समाप्त)